**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1187**

**उत्तर देने की तारीख : 06.12.2021**

**पूर्ण साक्षरता**

1187. श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री जी. सेल्वम:
डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्री गौतम सिगामणि पोन:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु सहित देश में साक्षरता दर के संबंध में राज्य और लिंग-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार देश में पूर्ण साक्षरता सुनिश्चित करने के लिए कोई नीति कार्यान्वित करने पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो उक्त नीति के अंतर्गत पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य कब तक प्राप्त किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार ने उन राज्यों को विशेष सहायता प्रदान करने के लिए कोई नीति बनाई है जिनमें साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से कम है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में शत-प्रतिशत साक्षरता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) जी हाँ, शिक्षा पर्व, 2021 के समारोहों के एक भाग के रूप में दिनांक 8 सितंबर, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस-2021 मनाया गया था। यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा ऑफलाइन और ऑनलाइन के मिश्रित माध्यम द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अनुसूची **अनुबंध-I** पर संलग्न हैं।

(ख) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, तमिलनाडु सहित देश में साक्षरता दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार और लिंगवार ब्यौरा **अनुबंध-II** पर संलग्न है।

(ग) यूनेस्को के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 4.6 में यह अधिदेशित है कि "यह सुनिश्चित किया जाए कि सम्पूर्ण युवा वर्ग तथा वयस्क महिलाओं और वयस्क पुरुषों का एक बड़ा भाग वर्ष 2030 तक साक्षर हो जाए और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त कर ले।" राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में संस्तुत किया गया है कि "100% साक्षरता की प्राप्ति के सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य की त्वरित प्राप्ति के लिए वयस्क शिक्षा हेतु मजबूत और अभिनव सरकारी पहलों को, विशेष रूप से समुदाय की भागीदारी को सुकर बनाने तथा प्रौद्योगिकी के सुचारु और लाभकारी एकीकरण के लिए की गई पहलों को यथाशीघ्र लागू किया जाएगा।" भारत सरकार समुदाय की भागीदारी और प्रौद्योगिकी की सहायता से शिक्षा की अभिनव पहलों के जरिए पढ़ना-लिखना अभियान कार्यान्वित कर रही है।

(घ) भारत सरकार पढ़ना लिखना अभियान के तहत राज्यों को निर्धारित निधि भागीदारी पद्धति के अनुसार निधियां प्रदान करती है।

(ङ) बजट घोषणा 2021-22 के अनुसार, भारत सरकार ने, अन्य बातों के साथ-साथ, वयस्क शिक्षा पर जोर दिया है जिसमें कहा गया है कि "संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के लिए, वयस्क शिक्षा के पूरे दायरे को शामिल करके ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू किए जाएंगे।" भारत सरकार ने वयस्क शिक्षा और अन्य महत्वपूर्ण जीवन कौशलों और नागरिकता शिक्षा पर ऑनलाइन मॉड्यूल अपलोड किए हैं जो सार्वजनिक डोमेन पर प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं।

**अनुबंध-I**

'पूर्ण साक्षरता' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सी. एन. अन्नादुरई, श्री जी. सेल्वम, डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस., डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे, श्री धनुष एम. कुमार, श्री गौतम सिगामणि पोन, श्री कुलदीप राय शर्मा, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, डॉ. सुभाष रामराव भामरे, श्री गजानन कीर्तिकर, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे द्वारा दिनांक 06.12.2021 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1187 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

**अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2021 कार्यक्रम की अनुसूची**

**विषय :** युवाओं और वयस्कों के लिए डिजिटल साक्षरता

दिनांक : 8th सितंबर, 2021 समय : 3:00 अपराहन से 4:30 अपराहन

स्थल :- कमरा नं 112, सम्मेलन कक्ष, सी- विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

| | |
|---|---|
| 3:00 अपराहन – 3:10 अपराहन | अध्यक्ष द्वारा परिचय<br>अध्यक्ष : श्री संतोष कुमार सारंगी, अपर सचिव, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय |
| 3:10 अपराहन – 3:20 अपराहन | प्रस्तुतकर्ता<br>प्रो. सरोज शर्मा, अध्यक्ष, एनआईओएस |
| 3:20 अपराहन – 3:35 अपराहन | वक्ता 1<br>प्रो. एन के अमबष्ट , भूतपूर्व अध्यक्ष NIOS |
| 3:35 अपराहन – 3:50 अपराहन | वक्ता 2<br>प्रो. नागेंद्र सिंह, प्रो. एवं अध्यक्ष, शिक्षा विभाग, डीन (अनुसंधान),RIE अजमेर, एनसीईआरटी |
| 3:50 अपराहन – 4:05 अपराहन | वक्ता 3<br>प्रो. पंकज अरोड़ा, सीआईई , दिल्ली विश्वविद्यालय |
| 4:05 अपराहन – 4:25 अपराहन | अध्यक्ष द्वारा संचालित क्यू एण्ड ए |
| 4:25 अपराहन – 4:30 अपराहन | अध्यक्ष द्वारा समापन |

**अनुबंध-II**

'पूर्ण साक्षरता' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सी. एन. अन्नादुरई, श्री जी. सेल्वम, डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस., डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे, श्री धनुष एम. कुमार, श्री गौतम सिगामणि पोन, श्री कुलदीप राय शर्मा, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, डॉ. सुभाष रामराव भामरे, श्री गजानन कीर्तिकर, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे द्वारा दिनांक 06.12.2021 को उत्तर के लिए पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1187 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

**2011 की जनगणना के अनुसार, तमिलनाडु सहित देश में राज्य-वार और लिंग-वार साक्षरता दर**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम | साक्षरता दर | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **व्यक्ति** | **पुरुष** | **महिला** |
| | **भारत** | **72.98** | **80.88** | **64.63** |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 67.02 | 74.88 | 59.15 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 65.38 | 72.55 | 57.70 |
| 3. | असम | 72.19 | 77.85 | 66.27 |
| 4. | बिहार | 61.80 | 71.20 | 51.50 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 70.28 | 80.27 | 60.24 |
| 6. | गोवा | 88.70 | 92.65 | 84.66 |
| 7. | गुजरात | 78.03 | 85.75 | 69.68 |
| 8. | हरियाणा | 75.55 | 84.06 | 65.94 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 82.80 | 89.53 | 75.93 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 67.16 | 76.75 | 56.43 |
| 11. | झारखंड | 66.41 | 76.84 | 55.42 |
| 12. | कर्नाटक | 75.36 | 82.47 | 68.08 |
| 13. | केरल | 94.00 | 96.11 | 92.07 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 69.32 | 78.73 | 59.24 |
| 15. | महाराष्ट्र | 82.34 | 88.38 | 75.87 |
| 16. | मणिपुर | 76.94 | 83.58 | 70.26 |
| 17. | मेघालय | 74.43 | 75.95 | 72.89 |
| 18. | मिज़ोरम | 91.33 | 93.35 | 89.27 |
| 19. | नागालैंड | 79.55 | 82.75 | 76.11 |
| 20. | ओड़िशा | 72.87 | 81.59 | 64.01 |
| 21. | पंजाब | 75.84 | 80.44 | 70.73 |
| 22. | राजस्थान | 66.11 | 79.19 | 52.12 |
| 23. | सिक्किम | 81.42 | 86.55 | 75.61 |
| **24.** | **तमिलनाडु** | **80.09** | **86.77** | **73.44** |
| 25. | त्रिपुरा | 87.22 | 91.53 | 82.73 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 67.68 | 77.28 | 57.18 |
| 27. | उत्तराखंड | 78.82 | 87.40 | 70.01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | पश्चिम बंगाल | 76.26 | 81.69 | 70.54 |
| 29. | अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह | 86.63 | 90.27 | 82.43 |
| 30. | चंडीगढ़ | 86.05 | 89.99 | 81.19 |
| 31. | दादरा और नगर हवेली | 76.24 | 85.17 | 64.32 |
| 32. | दमन और दीव | 87.10 | 91.54 | 79.55 |
| 33. | लक्षद्वीप | 91.85 | 95.56 | 87.95 |
| 34. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 86.21 | 90.94 | 80.76 |
| 35. | पुदुचेरी | 85.85 | 91.26 | 80.67 |

*****